Series : RQSP2

SET ~ 1

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/2/1**

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**नोट/ NOTE :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।

Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **30** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड – क :** प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख :** प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड – ग :** प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड – घ :** प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ :** प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड – क

प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । **(17 × 1 = 17)**

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A)** : प्राकृतिक तत्वों और मानव के बीच अति द्वैधता है ।

**कारण (R)** : प्रकृति और मानव परस्पर सघनता से जुड़े हुए हैं ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

(i) *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **five** Sections – **Section A, B, C, D** and **E.***

(iii) *Section **A** - Question Nos. **1** to **17** are Multiple Choice (MCQ) type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *Section **B** - Question Nos. **18** and **19** are Source based questions. Each question carries **3** marks.*

(v) *Section **C** - Question Nos. **20** to **23** are Short Answer (SA) type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in **80** to **100** words.*

(vi) *Section **D** - Question Nos. **24** to **28** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in **120** to **150** words.*

(vii) *Section **E** - Question Nos. **29** & **30** are Map based questions. Each question carries **5** marks.*

(viii) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

(ix) *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions.*

## SECTION – A

Question Nos. **1** to **17** are Multiple Choice type questions. **(17 × 1 = 17)**

1. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** There is a strong dichotomy between physical elements and human beings.

**Reason (R) :** Nature and human are intricately interwined.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is **<u>not</u>** the correct explanation of (A).

(C) (A) is incorrect but (R) is correct.

(D) (A) is correct but (R) is incorrect.

2. "न तो यहाँ नितांत आवश्यकता की स्थिति और न ही नितांत स्वतंत्रता की दशा है ।" दिया गया कथन निम्नलिखित किस संकल्पना से संबंधित है ? **1**

(A) निश्चयवाद (B) नव-निश्चयवाद

(C) संभववाद (D) व्यक्तिवाद

3. सामाजिक भूगोल के निम्नलिखित उपक्षेत्रों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. संसाधन भूगोल II. अवकाश भूगोल

III. लैंगिक भूगोल IV. विपणन भूगोल

**विकल्प :**

(A) I और III सही हैं । (B) I और IV सही हैं ।

(C) II और III सही हैं । (D) II और IV सही हैं ।

4. कृषि के निम्नलिखित प्रकारों में से कौन-सा सबसे अधिक गहन श्रम वाला है ? **1**

(A) उद्यान कृषि (B) निर्वाह कृषि

(C) सहकारी कृषि (D) सामूहिक कृषि

5. निम्नलिखित में से कौन-सा अधात्विक खनिज आधारित उद्योग का उदाहरण है ? **1**

(A) एल्यूमिनियम उद्योग (B) लौह-इस्पात उद्योग

(C) ताँबा उद्योग (D) सीमेंट उद्योग

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A)** : 1990 के दशक में 'सतत पोषणीय' धारणा का विकास हुआ ।

**कारण (R)** : 1960 के दशक के दौरान पश्चिमी दुनिया में पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ी ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

7. भारत के निम्नलिखित कोयला खनन क्षेत्रों को उनकी अवस्थिति के अनुसार दक्षिण से उत्तर की दिशा में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. सिंगरेनी II. नेवेली

III. झरिया IV. तलचर

**विकल्प :**

(A) II, I, III, IV (B) II, I, IV, III

(C) I, II, IV, III (D) I, II, III, IV

2. “Neither there is absolute necessity nor there is absolute freedom.” The given statement is related to which one of the following concepts ? **1**

(A) Determinism (B) Neo-determinism
(C) Possibilism (D) Individualism

3. Read the following sub-fields of social geography carefully and choose the correct option : **1**

I. Resource Geography II. Leisure Geography
III. Gender Geography IV. Marketing Geography

**Options :**

(A) I and III are correct. (B) I and IV are correct.
(C) II and III are correct. (D) II and IV are correct.

4. Which one of the following types of farming is most labour intensive ? **1**

(A) Horticulture (B) Subsistence agriculture
(C) Co-operative farming (D) Collective farming

5. Which one of the following is an example of non-metallic mineral based industry ? **1**

(A) Aluminium industry (B) Iron and Steel industry
(C) Copper industry (D) Cement industry

6. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** The concept of ‘sustainable development’ emerged in 1990’s.

**Reason (R) :** General awareness about environmental issues originated during 1960’s in the western world.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is **not** the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct but (R) is incorrect.
(D) (A) is incorrect but (R) is correct.

7. Arrange the following coal mining areas of India from south to north direction of their location and choose the correct option : **1**

I. Singareni II. Neyveli
III. Jharia IV. Talchar

**Options :**

(A) II, I, III, IV (B) II, I, IV, III
(C) I, II, IV, III (D) I, II, III, IV

8. यदि आपको 'पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम' तैयार करने को कहा जाए तो निम्नलिखित में से किनको ध्यान में रखना चाहिए। सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

I. बड़े पैमाने के उद्योगों की स्थापना

II. पारिस्थितिक तंत्र

III. राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण

IV. स्थलाकृति

**विकल्प :**

(A) I और III

(B) I और IV

(C) II और III

(D) II और IV

9. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

| | **स्तंभ-I** (खनिज) | | **स्तंभ-II** (प्रमुख खानें) |
|---|---|---|---|
| a. | लौह–अयस्क | i. | कटनी |
| b. | मैंगनीज़ | ii. | भीलवाड़ा |
| c. | बॉक्साइट | iii. | चंद्रपुर |
| d. | ताँबा | iv. | सुंदरगढ़ |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

10. बॉक्स में दी गई जानकारियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और खनिज की पहचान कीजिए। **1**

- यह एक अलौह अयस्क है।
- ओडिशा अधिकतम उत्पादक राज्य है।
- एल्यूमिनियम के विनिर्माण में इसका प्रयोग किया जाता है।

**विकल्प :**

(A) ताँबा

(B) अभ्रक

(C) बॉक्साइट

(D) मैंगनीज़

8. If you were asked to prepare a 'hill area development programme', which of the following must be kept in mind ? Choose the correct option : **1**

I. Establishing heavy industry

II. Ecosystem

III. National Highway construction

IV. Topography

**Options :**

(A) I and III
(B) I and IV
(C) II and III
(D) II and IV

9. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| | **Column-I (Mineral)** | | **Column-II (Major Mines)** |
|---|---|---|---|
| a. | Iron-ore | i. | Katni |
| b. | Manganese | ii. | Bhilwara |
| c. | Bauxite | iii. | Chandrapur |
| d. | Copper | iv. | Sundargarh |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

10. Read the information given in the box carefully and identify the mineral : **1**

- It is a non-ferrous ore.
- Odisha is the largest producer state.
- It is used in manufacturing of aluminium.

**Options :**

(A) Copper
(B) Mica
(C) Bauxite
(D) Manganese

11. निम्नलिखित में से किस मद का भारत के निर्यात में सर्वाधिक योगदान है ? **1**

(A) कृषि एवं समवर्गी उत्पाद
(B) अयस्क एवं खनिज
(C) विनिर्मित वस्तुएँ
(D) खनिज ईंधन एवं लुब्रिकेंट्स

12. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन भारत के प्रमुख वायु यातायात को नियमित करता है ? **1**

(A) भारतीय वायु-पत्तन प्राधिकरण
(B) भारतीय वायु-पत्तन आयोग
(C) भारतीय वायु नियंत्रक बोर्ड
(D) वायु-पत्तन विकास प्राधिकरण

13. निम्नलिखित में से कौन-सा पत्तन 'जुआरी नदमुख' पर स्थित है ? **1**

(A) न्यू मंगलौर
(B) कोच्चि
(C) मार्मागाओ
(D) एन्नोर

14. निम्नलिखित में से कौन सा अंत:स्थलीय जलमार्ग और उसका विस्तार सही सुमेलित है ? **1**

| | (जलमार्ग) | | (विस्तार) |
|---|---|---|---|
| (A) | राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 1 | – | इलाहाबाद से हल्दिया |
| (B) | राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 3 | – | सदिया से धुबरी |
| (C) | राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 2 | – | कोट्टापुरम से कोलम |
| (D) | राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 5 | – | काकीनाडा से पुदुच्चेरी |

निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न सं. **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए।

*मानक विकास सूचकांक 2022*

| क्र.सं. | देश | एच.डी.आई. मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | बेलारूस | 0.801 |
| 2 | बोत्सवाना | 0.708 |
| 3 | कांगो | 0.593 |
| 4 | मैक्सिको | 0.781 |
| 5 | नाइजीरिया | 0.548 |
| 6 | सूडान | 0.516 |
| 7 | तंजानिया | 0.532 |
| 8 | चिली | 0.860 |
| 9 | यमन | 0.424 |

11. Which one of the following contributes maximum in India's export ? **1**
    (A) Agriculture and allied products (B) Ores and minerals
    (C) Manufactured goods (D) Mineral fuels and lubricants

12. Which one of the following organisations regulate the air traffic of major airports of India ? **1**
    (A) Airport Authority of India (B) Indian Airport Commission
    (C) Indian Air Control Board (D) Airport Development Authority

13. Which one of the following ports is situated at 'Zuari Estuary' ? **1**
    (A) New Mangalore (B) Kochchi
    (C) Marmagao (D) Ennore

14. Which one of the following inland waterway and its stretch is correctly matched ? **1**

| | **(Waterways)** | | **(Stretch)** |
|---|---|---|---|
| (A) | National Waterways No. 1 | – | Allahabad – Haldia |
| (B) | National Waterways No. 3 | – | Sadiya – Dhubri |
| (C) | National Waterways No. 2 | – | Kottapuram – Kollam |
| (D) | National Waterways No. 5 | – | Kakinada – Puducherry |

Study the following table carefully and answer the Question Nos. **15** to **17** :

***Human Development Index 2022***

| S.N. | Country | HDI Value |
|---|---|---|
| 1 | Belarus | 0.801 |
| 2 | Botswana | 0.708 |
| 3 | Congo | 0.593 |
| 4 | Mexico | 0.781 |
| 5 | Nigeria | 0.548 |
| 6 | Sudan | 0.516 |
| 7 | Tanjania | 0.532 |
| 8 | Chile | 0.860 |
| 9 | Yemen | 0.424 |

15. दी गई तालिका में कितने देश 'मानव विकास सूचकांक' की निम्न श्रेणी में आते हैं ? **1**

(A) 2
(B) 4
(C) 3
(D) 5

16. कांगो मानव विकास की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आता है ? **1**

(A) अति उच्च
(B) उच्च
(C) मध्यम
(D) निम्न

17. निम्नलिखित में से कौन सा यूरोपीय देश मानव विकास की अति उच्च श्रेणी में आता है ? **1**

(A) चिली
(B) मैक्सिको
(C) बोत्सवाना
(D) बेलारूस

## खण्ड – ख

प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। **(2 × 3 = 6)**

18. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

### चतुर्थक सेक्टर

आर्थिक वृद्धि के आधार के रूप में तृतीयक सेक्टर के साथ चतुर्थक सेक्टर ने सभी प्राथमिक व द्वितीयक से रोज़गारों को प्रतिस्थापित कर दिया है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आधे से अधिक कर्मी, 'ज्ञान क्षेत्रक' में कार्यरत हैं तथा पारस्परिक कोष (म्यूचुअल फंड) प्रबंधकों से लेकर कर परामर्शदाताओं, सॉफ़्टवेयर डेवलपरों एवं सांख्यिकीविद जैसी सूचना आधारित सेवाओं की माँग एवं उपयोग में अति उच्च वृद्धि हुई है। कार्यालय भवनों में कार्यरत कर्मी, प्रारंभिक विद्यालयों, विश्वविद्यालयी कक्षाओं, अस्पतालों व डॉक्टरों के कार्यालयों, रंगमंचों, लेखाकार्य और दलाली की फर्मों में काम करने वाले कर्मचारी इस वर्ग की सेवाओं से संबंध रखते हैं।

कुछ तृतीयक क्रियाओं की भाँति, चतुर्थक क्रियाकलापों को भी बाह्यस्रोतन के माध्यम से किया जा सकता है। ये सेवाएँ संसाधनों से बँधी हुई, पर्यावरण से प्रभावित अथवा अनिवार्य रूप से बाज़ार द्वारा स्थानीकृत नहीं हैं।

(18.1) 'बाह्यस्रोतन' की अवधारणा को परिभाषित कीजिए। **1**

(18.2) विकसित देशों में 50 प्रतिशत से अधिक कर्मी अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक से जुड़े हैं ? **1**

(18.3) 'पारस्परिक कोष प्रबंधक' किस प्रकार की सेवाओं की माँग कर रहे हैं ? **1**

15. How many countries fall under the low category of 'human development index' in the given table ? **1**

(A) 2 (B) 4
(C) 3 (D) 5

16. Congo comes under which one of the following categories of human development ? **1**

(A) Very high (B) High
(C) Medium (D) Low

17. Which of the following European country falls under very high category of human development ? **1**

(A) Chile (B) Mexico
(C) Botswana (D) Belarus

## SECTION – B

Question Nos. **18** and **19** are Source based questions : **(2 × 3 = 6)**

18. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

### The Quaternary Sector

The Quaternary Sector along with the Tertiary Sector has replaced most of the primary and secondary employment as the basis for economic growth. Over half of all workers in developed economies are in the 'Knowledge Sector' and there has been a very high growth in demand for consumption of information-based services from mutual fund managers to tax consultants, software developers and statisticians. Personnel working in office buildings, elementary schools and university classrooms, hospitals and doctors' offices, theatres, accounting and brokerage firms all belong to this category of services.

Like some of the tertiary functions, quaternary activities can also be outsourced. They are not tied to resources, affected by the environment, or necessarily localised by market.


(18.1) Define the concept of 'outsourcing'. **1**

(18.2) More than 50 percent of all workers in developed countries belongs to which sector of economy ? **1**

(18.3) 'Mutual funds managers' are demanding which type of services ? **1**

19. दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पार–साइबेरियन रेलमार्ग




(19.1) दिए गए रेल मार्ग के सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए । 1

(19.2) इस रेल मार्ग से जुड़े सबसे महत्त्वपूर्ण कृषि केंद्र का नाम लिखिए । 1

(19.3) सबसे पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन के निकट 'सागर' का नाम लिखिए । 1

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है ।

पार–साईबेरियन रेलमार्ग की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

## खण्ड – ग

प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । **(4 × 3 = 12)**

20. (a) "अंतर्राष्ट्रीय व्यापार राष्ट्रों के बीच पारस्परिक रूप से लाभदायक है ।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए । 3


अथवा

(b) "वैश्विक समुद्री–पत्तन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार हैं ।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । 3

21. 'उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । 3

19. Study the given map carefully and answer the questions that follow :

**Trans-Siberian Railway**




(19.1) Name the easternmost terminal station of the given rail route. **1**

(19.2) Name the most important agro centre along the rail route. **1**

(19.3) Name the Sea near to the westernmost terminal station. **1**

**Note :** Following question is for **Visually Impaired Candidates** only in lieu for Question No. **19.**

Describe any three features of 'Trans-Siberian Railway'. **3**

## SECTION – C

Question Nos. **20** to **23** are Short Answer type questions. **(4 × 3 = 12)**

20. (a) "International trade is mutually beneficial to nations." Support the statement with suitable arguments. **3**

**OR**

(b) "Global sea ports are the gateways of international trade." Support the statement with suitable arguments. **3**

21. Explain the importance of the 'Northern Atlantic Sea Route'. **3**

22. दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **3**

**भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ 1961-2011**

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल नगरीय जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | – |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

22.1 किस दशक के दौरान नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या में शुद्ध वृद्धि सबसे कम है ?

22.2 1981-91 के दौरान नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या में शुद्ध वृद्धि का उल्लेख कीजिए ।

22.3 नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर की व्याख्या कीजिए ।

23. भारत में राष्ट्रीय महामार्गों के जाल के विस्तार की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए । **3**

**खण्ड – घ**

प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । **(5 × 5 = 25)**

24. (a) 'भू–आकृति' और 'नगरीकरण' विश्व में जनसंख्या वितरण को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) 'जल की उपलब्धता' एवं 'औद्योगीकरण' विश्व जनसंख्या वितरण को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

25. (a) "आदिमकालीन मानव अपने जीवन निर्वाह के लिए अपने समीप के पर्यावरण पर निर्भर रहता था ।" आखेट एवं भोजन संग्रहण के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "वाणिज्यिक पशुधन पालन सुव्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है ।" चलवासी पशुचारण की तुलना में इस कथन की परख कीजिए । **5**

22. Study the given table carefully and answer the questions that follow : **3**

**India – Trends of Urbanisation 1961-2011**

| Year | Number of Towns / UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | – |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

22.1 During which decade, the net increase in number of towns/UAs is the lowest ?

22.2 Mention the net increase in number of towns/UAs during 1981-91.

22.3 Explain the decennial growth rate of urban population.

23. Explain the need to extend the network of national highways in India. **3**

## SECTION – D

Question Nos. **24** to **28** are Long Answer type questions. **(5 × 5 = 25)**

24. (a) How do the 'landforms' and 'urbanisation' influence the distribution of world population ? Explain with examples. **5**

**OR**

(b) How do 'water availability' and 'industrialization' influence the distribution of world population ? Explain with examples. **5**

25. (a) "The earliest human beings depended on their immediate environment for their sustenance." Examine the statement with reference to hunting and gathering. **5**

**OR**

(b) "Commercial livestock rearing is well organised and capital intensive." Examine the statement with comparison to nomadic herding. **5**

26. (a) भारतीय कृषि की 'निम्न उत्पादकता' की समस्या को स्पष्ट कीजिए । इस समस्या के समाधान हेतु 'सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन' के योगदान का विश्लेषण कीजिए । **2 + 3 = 5**

**अथवा**

(b) भारतीय किसानों की 'ऋणग्रस्तता' की समस्या को स्पष्ट कीजिए । किसानों की सहायता के लिए 'किसान पोर्टल' के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । **2 + 3 = 5**

27. "महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान भारत सरकार का एक प्रभावशाली कदम है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **5**

28. (a) 'वायु प्रदूषण' के कारणों की व्याख्या कीजिए और इसके समाधान के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए । **2 + 3 = 5**

**अथवा**

(b) 'ध्वनि प्रदूषण' के कारणों की व्याख्या कीजिए और इसके समाधान के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए । **2 + 3 = 5**

## खण्ड – ङ

प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **5 × 1 = 5**

A. एक प्रमुख समुद्री-पत्तन ।
B. एक प्रमुख वायु-पत्तन ।
C. एक प्रमुख नौ परिवहन नहर ।
D. 'निर्वाहन संग्रहण' का एक मुख्य क्षेत्र ।
E. 'चलवासी पशुचारण' का एक मुख्य क्षेत्र ।
F. 'वाणिज्यिक पशुधन पालन' का एक मुख्य क्षेत्र ।
G. 'विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि' का एक मुख्य क्षेत्र ।

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** के उत्तर लिखिए । **5 × 1 = 5**

29.1 कनाडा में स्थित एक समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए ।
29.2 जापान में स्थित एक वायु-पत्तन का नाम लिखिए ।
29.3 नौ परिवहन नहर का नाम लिखिए जो लाल सागर तथा भूमध्य सागर को जोड़ता है ।
29.4 दक्षिणी अमेरिका स्थित 'निर्वाहन संग्रहण' के क्षेत्र का नाम लिखिए ।
29.5 अफ्रीका में स्थित 'चलवासी पशुचारण' के क्षेत्र का नाम लिखिए ।
29.6 ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के किसी एक देश का नाम लिखिए जहाँ 'वाणिज्यिक पशुधन पालन' किया जाता है ।
29.7 ऑस्ट्रेलिया के 'विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि' के एक क्षेत्र का नाम लिखिए ।

26. (a) Explain the problem of 'low productivity' of Indian agriculture. Analyse the role of 'National Mission for Sustainable Agriculture' to solve this problem. **2 + 3 = 5**

**OR**

(b) Explain the problems of the 'indebtedness' of Indian farmers. Analyse the importance of 'farmer's portal' in helping the farmers. **2 + 3 = 5**

27. "The government of India's campaign 'Beti Bachao – Beti Padhao' is an effective step to empower women." Justify the statement. **5**

28. (a) Explain the causes of air pollution and suggest any three measures to overcome it. **2 + 3 = 5**

**OR**

(b) Explain the causes of noise pollution and suggest any three measures to overcome it. **2 + 3 = 5**

## SECTION – E

Question Nos. **29** and **30** are map based questions. **(2 × 5 = 10)**

29. On the given political outline map of the world, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **five** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : **5 × 1 = 5**

A. A major sea-port
B. A major air-port
C. A major shipping canal
D. A major area of 'subsistence gathering'
E. A major area of 'nomadic herding'
F. A major area of 'commercial livestock rearing'
G. A major area of 'extensive commercial grain farming'

**Note :** The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**. Answer any **five** : **5 × 1 = 5**

29.1 Name the major sea-port located in Canada.
29.2 Name the major air-port located in Japan.
29.3 Name the shipping canal which connects Red Sea and Mediterranean Sea.
29.4 Name the area of 'subsistence gathering' in South America.
29.5 Name the area of 'nomadic herding' located in Africa.
29.6 Name any one country of Australia continent where 'commercial live-stock rearing' is practised.
29.7 Name the area of 'extensive commercial grain farming' in Australia.

30. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं **पाँच** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए । $5 \times 1 = 5$

30.1 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य ।

30.2 बिहार में स्थित एक तेल शोधन संयंत्र ।

30.3 पश्चिम बंगाल में स्थित महत्त्वपूर्ण कोयला खदानें ।

30.4 तटीय महाराष्ट्र में स्थित महत्त्वपूर्ण लौह-अयस्क खदानें ।

30.5 मध्य प्रदेश में स्थित महत्त्वपूर्ण मैंगनीज़ खदानें ।

30.6 ओडिशा में स्थित एक प्रमुख समुद्री-पत्तन ।

30.7 तेलंगाना स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन ।

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** के उत्तर लिखिए । $5 \times 1 = 5$

30.1 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

30.2 बिहार में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तेल शोधन संयंत्र है ।

30.3 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पश्चिम बंगाल में महत्त्वपूर्ण कोयला खदानें स्थित हैं ।

30.4 तटीय महाराष्ट्र के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महत्त्वपूर्ण लौह-अयस्क खदानें स्थित हैं ।

30.5 मध्य प्रदेश के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महत्त्वपूर्ण मैंगनीज़ खदानें हैं ।

30.6 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में प्रमुख समुद्री-पत्तन स्थित है ।

30.7 तेलंगाना के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन है ।

30. On the given political outline map of India, locate and label any **five** of the following seven geographical features with appropriate symbols : **5 × 1 = 5**

30.1 The state leading in the production of sugarcane.

30.2 An oil refinery located in Bihar

30.3 Important coal mines located in West Bengal

30.4 Important iron-ore mines located in Coastal Maharashtra

30.5 Important manganese mines located in Madhya Pradesh

30.6 A major sea-port located in Odisha

30.7 An important international airport in Telangana

**Note** : The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**. Answer any **five** : **5 × 1 = 5**

30.1 Name the state leading in the production of sugarcane.

30.2 Name the place of the oil refinery located in Bihar.

30.3 Name the place where important coal mines are located in West Bengal.


30.4 Name the place where important iron-ore mines are located in Coastal Maharashtra.

30.5 Name the place where important manganese mines are located in Madhya Pradesh.

30.6 Name the place where major sea port is located in Odisha.

30.7 Name the international airport located in Telangana.

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **29**




Cut Here ----------- यहाँ से काटें ----------- Cut Here ----------- यहाँ से काटें

Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. 30 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 30

